पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए राज्यपाल
पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से हुई शिष्टाचार भेंट

लखनऊ: 25 जुलाई 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज देश के 14वें राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से मिलकर बधाई दी। राज्यपाल आज ही सुबह लखनऊ से शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली गए थे।

श्री नाईक ने आज पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से उनके आवास 10, राजाजी मार्ग जाकर भेंट की और उन्हें अपनी वार्षिक कार्यवृत्त 'राजभवन में राम नाईक 2016-17' की प्रति भेंट की। भेंट के दौरान दोनों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की। पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कार्यपद्धति अन्य राज्यपालों के लिए एक मिसाल है। यदि सभी लोग संवेदनशीलता से दायित्व का निर्वहन करें तो निश्चित रुप से एक नई कार्य संस्कृति निर्माण होगी जो जनहित में लाभदायी होगी।

राज्यपाल ने प्रणब मुखर्जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सानिध्य में बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें वह दिन आज भी याद है जब वे उत्तर प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त हुए थे और शपथ लेने से पहले राष्ट्रपति भवन शिष्टाचार भेंट करने आए थे। चलते समय श्री मुखर्जी ने भारत के संविधान की प्रति देते हुए यह कहा था कि ''अब आपको इसी के अनुसार उत्तर प्रदेश में काम करना है।'' श्री नाईक ने बताया कि श्री प्रणब मुखर्जी से उनकी पहली मुलाकात 1989 में हुई थी जब वे लोकसभा के सदस्य थे और श्री मुखर्जी वित्त राज्यमंत्री थे। उन्होंने यह भी बताया कि श्री प्रणब मुखर्जी के साथ लोकसभा में लम्बे समय तक काम करने का अवसर मिला, जिसमें कभी वह सत्ता पक्ष में रहे और कभी श्री नाईक सत्ता पक्ष में रहे, लेकिन संबंध सदैव सौहार्दपूर्ण रहे।

अंजुम/ललित/राजभवन (277/32)